DATE :- 19-02-2026
DAINIK BHASKAR, PAGE-II, SURAT

सौगात • मेट्रो लाइन-2 के विस्तार के लिए 40 करोड़

हाई स्पीड रेल कॉरिडोर से जुड़ेगा मेट्रो रूट, सारोली से अंत्रोली तक तीन स्टेशन बनेंगे

सूरत मेट्रो ट्रेन को बुलेट ट्रेन कॉरिडोर से जोड़ने के लिए बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। बुधवार को राज्य के बजट में मेट्रो लाइन-2 के 4.4 किमी एक्सटेंशन के लिए 40 करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई। इसी के साथ मेट्रो प्रोजेक्ट के विस्तार की योजना को राज्य सरकार की स्वीकृत मिल गई है। यह विस्तार सारोली से अंत्रोली तक प्रस्तावित है, जहां हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के बुलेट ट्रेन स्टेशन का निर्माण हो रहा है। गुजरात मेट्रो रेल कार्पोरेशन (जीएमआरसी) ने कॉरिडोर-II (फेज-1) के विस्तार का प्रस्ताव रखा था।

क्यों होगा विस्तार, क्या होगा फायदा?

- सूरत मेट्रो लाइन-2 के 4.4 किमी विस्तार से शहर को बड़ी मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी मिलेगी।
- हाई स्पीड बुलेट रेल कॉरिडोर के अंत्रोली स्टेशन को सीधे मेट्रो रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।
- बुलेट ट्रेन से उतरने के बाद यात्री बिना ट्रैफिक में फंसे मेट्रो ट्रेन से अपने गंतव्य तक जल्दी पहुंच सकेंगे।
- समय और पैसे की बचत होगी। सारोली और आसपास के क्षेत्रों में रियल एस्टेट और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी।
- बुलेट रेल स्टेशन लगभग बन कर तैयार है। आगामी अगस्त से बुलेट रेल ट्रायल शुरू हो सकता है।

भास्कर एक्सप्लेनर

सारोली से अंत्रोली तक तीन नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे

प्रस्तावित रूट पर सारोली से अंत्रोली तक तीन नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। फिलहाल स्टेशनों के प्रस्तावित नाम नवकार धाम जैन मंदिर, अंबाबा कॉमर्स कॉलेज और अंत्रोली प्रस्तावित हैं, हालांकि अंतिम निर्णय केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद होगा। यह रूट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) लाइन को एलिवेटेड ट्रैक के जरिए क्रॉस करेगा।